**Need to regularize unauthorized colonies in cities-Laid**

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**) :** हमारे देश में हर राज्य में जितने भी शहर है उन सभी में अनियमित कॉलोनियां होती है, उनमें से कुछ कॉलोनियां ऐसी भी है, जहां रहने वालो को मूलभूत सुविधाएं मिल रही है जैसे नगर निगम का पानी, बिजली, सीवरेज सुविधा इत्यादि लेकिन इन कॉलोनियो में रहने वाले लोग सरकार की इन सुविधाओं के बदले कोई टैक्स नहीं देते है क्योकि ये कॉलोनिया नियमित नहीं है । उदाहरण स्वरूप मेरे प्रदेश राजस्थान में ऐसी दर्जनों कॉलोनियां है जहां पर मूलभूत सुविधाएं होने के बाबजूद उनको नियमित नहीं किया गया है, यही हाल देश के विभिन्न शहरों में है । अगर इन कॉलोनियों को नियमित कर दिया जाए तो इससे उन राज्य सरकारों को अच्छा खासा राजस्व सम्पति कर, सीवरेज कर आदि के रूप में प्राप्त हो सकता है, इससे वहां के नगर निगमों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा । मेरा माननीय शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि अगर मेरा सुझाव विचार के  योग्य है तो कृपया करके सभी राज्यों को इस दिशा में निर्देश दे, ताकि वहां के नगर निगम, जो राजस्व की कमी से जूझ रहे है उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके ।